दिनांक 29.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ दिया जाएगा

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के 31 अगस्त 2024 के पूर्व आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बीएलसी घटक योजनांतर्गत सम्मिलित किया जाना है। बीएलसी घटक के नवीन डी.पी.आर. में शामिल करने के पूर्व दिशा–निर्देश के अनुरूप निर्धारित प्रारूप में आवेदकों से आवेदन पत्र लेकर निरीक्षण प्रतिवेदन वार्डवार प्रस्तुत किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन से प्राप्त आदेश के परिपालन में आबादी भूमि के सर्वेक्षण कार्य अधिकारी/कर्मचारियों का सर्वेक्षण दल गठित किया गया है। जोन–1 नेहरू नगर अंतर्गत खम्हरिया विनोभा नगर जुनवानी, पुरानी बस्ती कोहका एवं सुपेला क्षेत्र के सर्वेक्षण कार्य हेतु उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, बसंत साहू एवं सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा वरिष्ठ कर्मचारी संजीव तिवारी, भाईजी बघेल, निरंजन असाटी, विनोद शुक्ला को कार्य सौंपा गया है। जोन–2 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद बस्ती क्षेत्र के सर्वेक्षण कार्य हेतु उप अभियंता चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी, वरिष्ठ कर्मचारी मदन मोहन तिवारी, सुरेश कुलदीप की डयूटी लगाई गई है। ये सभी अधिकारी/कर्मचारी वार्डवार सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर निरीक्षण प्रतिवेदन निकाय के परीक्षण समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगें।